कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक

मध्यप्रदेश,भोपाल

क्रमांक/निस/247 भोपाल,दिनांक 22–2–2001

प्रति,

समस्त वन संरक्षक

समस्त वन मंडलाधिकारी

मध्यप्रदेश

विषय :– **निस्तार डिपो में पड़ी निवर्तित बल्लियों के निर्वतन के संबंध में।**

---0---

एक निस्तार डिपो के निरीक्षण में पाया गया कि डिपो में गत 4–5 वर्षो की बड़ी संख्या में बल्लियॉ अनिवर्तित पड़ी है, जबकि इस संबंध में स्पष्ट निर्देश है कि जून के पश्चात् अनिवर्तित बल्लियॉ का निर्वतन कर दिया जाय।

वर्षो से डिपो मे अनिवर्तित इन बल्लियों की क्वालिटी में गिराबट आयी है, जिसके कारण उनकी कीमत बहुत कम मिलेगी। जिससे शासन को राजस्व की हानि होगी।

इस संबंध में सबंधी वनमंडलाधिकारी के विरूद्ध अलग से कार्यवाही की जा रही है।

पूर्व के निर्देशों को पुनः दोहराते हुये निर्देशित किया जाता है कि आप अपने निस्तार डिपो की समीक्षा करें और गत वर्षो की अनिवर्तित बल्लियों का तत्काल निर्वतन सुनिश्चत करें।

हस्ता.

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

म0प्र0 भोपाल

पृ.क्र.निस/248 भोपाल, दिनांक 22–2–2001

प्रतिलिपि :–

1/ मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। कृपया उपरोक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराये और इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर मुझे प्रस्तुत करें।

2/ समस्त अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/मुख्य वन संरक्षक की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। कृपया अपने दौरे के समय उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराये।

हस्ता.

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

म0प्र0 भोपाल